तापमान
अधिकतम 43.0 डिग्री
न्यूनतम 27. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 25 मई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

सोल्डर से सटाकर बनाई जा रही नाली, सड़क की चौड़ाई हो रही कम

4





खबर संक्षेप

सराईपाली में जनसमस्या निवारण शिविर आज

जांजगीर-चांपा। जनजातीय गरिमा उत्सव जन भागीदारी अभियान ''सबसे दूर सबसे पहले'' अंतर्गत ग्राम सराईपाली, विकासखंड अकलतरा में आयोजित होने वाले शिविर की तिथि में संशोधन किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि 18 से 25 मई तक जनजातीय गरिमा उत्सव जन भागीदारी अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 22 मई को विकासखंड अकलतरा के ग्राम सराईपाली में उक्त शिविर आयोजित किया जाना था, निर्धारित तिथि को ग्राम कापन विकासखंड अकलतरा में सुशासन तिहार आयोजित होने के कारण ग्राम सराईपाली विकासखंड अकलतरा में आयोजित शिविर को स्थगित करते हुए उक्त शिविर 25 मई को आयोजित किया जाएगा।

विशेष लोक अदालत 18 जुलाई को

जांजगीर-चांपा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 18 जुलाई एवं 21 नवंबर दिन शनिवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जांजगीर चांपा एवं सक्ति जिले के समस्त न्यायाधीशों को चेक बाउंस प्रकरणों को चिन्हांकित करने तथा अधिक से अधिक मामलों में दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर प्री-सीटिंग आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

पेंशनर बैठक सह पेंशनर सम्मान कार्यक्रम 31 को

पामगढ़। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला शाखा जांजगीर चांपा द्वारा रविवार 31 मई को सुबह 11 बजे से शासकीय महामाया उमावि पामगढ़ में पेंशनर बैठक सह पेंशनर सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में आर पी आदित्य संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश महामंत्री अनिल कुमार गोल्हानी, भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री टी पी सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री अरुण कुमार तिवारी, प्रदेश सचिव अवध राम घृत लहरे उपस्थित रहेंगे।

ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल, पेयजल सप्लाई का भी नहीं हो सका इंतजाम

जिला बनने के ढाई दशक बाद भी जरूरी सुविधा के लिए तरस रहा मुख्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला बनने के ढाई दशक गुजरने के बाद भी जिला मुख्यालय में जरूरी सुविधाओं की कमी बनी हुई है। अब तक शहर में नल से पानी सप्लाई का इंतजाम नहीं हो सका है। गर्मी में पानी के लिए जिला मुख्यालय के रहवासी तरस रहे हैं। वहीं चौक चौराहों और सड़कों की चौडाई कम होने से बदहाल ट्रेफिक व्यवस्था के कारण सड़कों पर चलना भी दुभर हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र की तरह शहर में बांस बल्ली के सहारे लटकते तार से बिजली की सप्लाई हो रही है।

जांजगीर चाम्पा जिला का गठन 25 मई 1998 को किया गया। बिलासपुर से अलग होकर कोरबा और जांजगीर-चांपा एक साथ जिला बने। इस अवधि में कोरबा में विकास का पहिया तेजी से घूमा, लेकिन जांजगीर इस मामले में पिछड़ गया। जिला बनने के बाद लोगों को इस बात की खुशी थी कि यहां तेजी से विकास होगा। जांजगीर में तमाम बड़े दफ्तर खुले। व्यवसायिक प्रतिष्ठानो की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ। दुकानों के साथ मकानों की संख्या बढ़ी। गांव गांव से लोग यहां आकर बसे। इसके साथ ही शहर की आबादी भी बढ़ी। जिला मुख्यालय की जनसंख्या 27 साल में बढ़ते बढ़ते 50 हजार को पार कर गई है। पहले नगर पालिका क्षेत्र में 17 वार्ड थे, जो अब बढ़कर 25 हो गई है। लोगों को जिला मुख्यालय में जैसे सुविधा की उम्मीद थी वैसा इंतजाम अब तक नहीं हो पाया है। सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधा के मामले में भी यहां विकास का पहिया काफी मंथर गति से चल रहा है। गर्मी और बरसात के मौसम में बिजली की समस्या लोगों का जीना मुहाल करती है। बार बार बिजली गुल होना आम बात है। बांस बल्ली के सहारे बिजली के लटकते तार और ट्रांसफार्मर फेल होना बदहाल व्यवस्था को उजागर करता है। शहर में अभी तक नल के माध्यम से घरों तक पानी पहुंचाने का इंतजाम नहीं हो सका है। जल आवर्धन योजना का काम 9 साल से चल रहा है, लेकिन अभी तक 70 फीसदी काम ही हो सका है। ऐसे में गर्मी के दिनों में पानी के लिए शहरवासी परेशान हो रहे हैं। इधर जिला मुख्यालय की ट्रेफिक व्यवस्था जिला बनने के बाद सुधरने की बजाए बिगड़ती जा रही है। वाहनों के बढ़ते दबाव, सड़क पर अतिक्रमण, संकरे सड़क और चौराहों के कारण आवागमन में दिक्कते आ रही हैं। हालांकि बीच बीच में सड़क पर आवागमन सुगम करने सड़क निर्माण जैसे प्रयास हुए हैं, लेकिन इसके बाद भी समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है।



जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग पर कस्बों सा नजारा।

पार्किंग और ट्रैफिक व्यवस्था बनाने में प्रशासन नाकाम

जिला मुख्यालय होने के नाते प्रतिदिन बड़ी संख्या में जिलेभर से लोगशहर में अपना काम लेकर पहुंचते हैं। शादी और त्यौहार के सीजन में शहर की ट्रेफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। शाम के समय जाम लगना आम बात हो जाती है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहे संकरे हैं, जिससे वाहनों का दबाव बढ़ते ही जाम की स्थिति बन जाती है। मुख्य मार्गों पर सड़कों के किनारे व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे सड़क की चौड़ाई और कम हो गई है। पार्किंग की उचित व्यवस्था का अभाव स्थिति को और गंभीर बनाता है। शहर में कहीं भी व्यवस्थित पार्किंग की सुविधा नहीं होने के कारण लोग सड़कों पर ही वाहन खड़े करने को मजबूर हैं। बढ़ती आबादी के साथ ही जागरूकता की कमी और सड़क पर बढ़ते दबाव के कारण शहर की ट्रेफिक व्यवस्था चरमराने लगी है। बेतरतीब पार्किंग और अव्यवस्था का खामियाजा आम जनता को रोजाना जाम और दुर्घटनाओं के खतरे के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

सिटी बस सेवा भी कोरोनाकाल से बंद

सस्ती और सुगम यातायात की व्यवस्था करते हुए राज्य शासन ने दस साल पहले जिले में सिटी बस सेवा शुरु की थी। यहां 10 बसें आई थी, लेकिन कोरोना काल से बंद हुई सिटी बस अब तक सड़क पर नहीं उतर सकी हैं। बसे अब जहाँ तहां पड़े पड़े कबाड़ हो रही हैं। ऑटो और निजी बसों में अधिक किराया चुकाकर यात्रियों को सफर करना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय होने के नाते हर दिन बड़ी संख्या में लोग अपना काम लेकर जांजगीर पहुंचते हैं। गांव गांव से लोग बस और ट्रेन के माध्यम से जिला मुख्यालय आते हैं। इसके बाद सरकारी दफ्तर तक पहुंचने के लिए मशकक्त करनी पड़ती है। कलेक्टरेट, जिला अस्पताल, जिला पंचायत और एसपी कार्यालय शहर से आउटर में होने के कारण ऑटो में अधिक किराया देकर सफर करना पड़ता है।

पानी सप्लाई की कवायद में गुजर गए एक दशक

पानी जांजगीर शहर में नल से पानी सप्लाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण शहरवासी हैंड पंप , कुंआ और निजी बोर से ही अपने पानी की जरूरत पूरी करते हैं। बाकी दिनों में तो काम चल जाता है, लेकिन गर्मी के मौसम में नगरवासियो को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ता है। एक दशक पहले चाम्पा के हसदेव नदी से पाइप के माध्यम से जांजगीर में पानी लाने 6 करोड़ की लागत से काम किया गया था , लेकिन वह प्रोजेक्ट फेल हो गया। इसके बाद हसदेव जल आवर्धन योजना का काम किया जा रहा है। जांजगीर और चांपा शहर की दूरी महज 9 किलोमीटर है। चांपा के हसदेव नदी से जिला मुख्यालय में पानी लाना है। इस कवायद में एक दशक से अधिक समय गुजर गया है, और सरकार का करोड़ो रुपए खर्च हो चुका है, लेकिन जनता को लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिला मुख्यालय जांजगीर में जल आवर्धन योजना के तहत 35 करोड़ की लागत से वर्ष 2017 में काम शुरू किया गया था। ठेकेदार को कार्य पूर्ण करने के लिए तब दो साल का समय दिया गया था। बाद में कई बार एक्सटेंशन दिया गया, लेकिन महज 70 फीसदी ही काम हो सका है। काम में लेटलतिफी के कारण ठेकेदार का टेंडर निरस्त कर अब नए ठेकेदार को काम दिया गया है। जल आवर्धन के प्रोजेक्ट में नगर में दो टंकी बननी है, लेकीन वह अधूरी है। वार्डों में पाइप लाइन विस्तार का काम भी अटका हुआ है। नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला द्वारा घर-घर पानी पहुंचाने के लिए योजना के तहत काम कराया जा रहा है, लेकिन नगरवासियो को यह योजना किसी सपने से कम नजर नहीं आ रही है।

जिला अस्पताल में 43 विशेषज्ञ चिकित्सक की जरूरत, 15 से चलाया जा रहा काम

100 की जगह 220 बिस्तर का हो गया है चिकित्सालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल 220 बिस्तर का हो चुका है, लेकिन अब भी डॉक्टर एवं स्टाफ की समस्या बनी हुई है। स्थिति यह है कि बेड के हिसाब से 43 विशेषज्ञ चिकित्सकों की जरूरत है, लेकिन वर्तमान में महज 15 विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से कार्य चलाया जा रहा है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के ठाकुर छेदीलाल जिला चिकित्सालय को 100 बिस्तर की जगह 220 बिस्तर का बना दिया गया है। जिस हिसाब से बेड की संख्या बढ़ गई है, उसके हिसाब से विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। 220 बिस्तर के लिए 43 विशेषज्ञ चिकित्सक जिला अस्पताल होना चाहिए लेकिन वर्तमान स्थिति में 15 विशेषज्ञ डॉक्टर के माध्यम से ही काम चलाया जा रहा है, जबकि 28 विशेषज्ञ चिकित्सक की कमी अभी भी बनी हुई है। नियमों के तहत 100 बिस्तर के लिए 36 विशेषज्ञ एवं 220 बिस्तर के लिए 43 विशेषज्ञ चिकित्सक होना चाहिए इसी प्रकार 100 बिस्तर के लिए 126 स्टाफ नर्स एवं 220 तक के लिए 224 स्टाफ नर्स होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। यहां भी कार्यरत महज 38 स्टाफ नर्स के माध्यम से दिन एवं रात की अस्पताल व्यवस्था संचालित हो रही है। जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में औसतन 500 से अधिक हर दिन उपचार के लिए पहुंचते हैं। वही भीषण गर्मी के कारण उल्टी दस्त, मलेरिया, टाइफाइड, बुखार, सर्दी खांसी समेत अन्य बीमारियों से प्रभावित मरीजों की संख्या बढ़ जा रही है। जिसके कारण ओपीडी समेत अन्य वार्ड में हर दिन मरीजों की भीड़ जिला अस्पताल में देखी जा सकती है। ठाकुर छेदीलाल जिला चिकित्सालय में नवागढ़ पामगढ़ अकलतरा बलौदा शिवरीनारायण सारागांव समेत अन्य जगह से बड़े पैमाने पर लोग उपचार के लिए आते हैं इनमें से मध्यम एवं गरीब वर्ग के लोग ज्यादा रहते हैं जो निजी अस्पतालों में अपना उपचार नहीं कर पाते ऐसे मरीज उपचार के लिए जिला अस्पताल में आते हैं, लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण मरीजों को बाहर रेफर कर दिया जाता है ऐसे में उनकी परेशानी और भी बढ़ जाती है।



ओपीडी में कतार से खड़े मरीज।

रेफर सेंटर बना जिला चिकित्सालय

जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में आज भी गंभीर बीमारियों से प्रभावित मरीज का उपचार नहीं हो पाता। कैंसर, हार्ट संबंधित परेशानी सहित अन्य गंभीर बीमारियों से प्रभावित मरीजों के उपचार की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण उन्हें बिलासपुर रायपुर एवं भिलाई उपचार के लिए रेफर करना पड़ता है। इसी तरह सड़क दुर्घटना या आगजनी जैसे मामलों में गंभीर रुप से घायल मरीजों को भी प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रिफर करना पड़ता है।

दी जाती है जानकारी

विशेषज्ञ चिकित्सक एवं स्टाफ की कमी की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी जाती है। नियुक्ति शासन स्तर से होनी रहती है।

-श्रीमती अनीता श्रीवास्तव
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जांजगीर-चांपा

सड़क चौड़ीकरण में बाधक बन रहा अतिक्रमण, नपा ने भेजा नोटिस

अकलतरा। स्थानीय नगर पालिका परिषद ने नगर के मुख्य मार्गों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की दिशा में सख्त कदम उठाते हुए संबंधित व्यापारियों और अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा जारी सूचना में स्पष्ट किया गया है कि अम्बेडकर चौक, आजाद चौक, शास्त्री चौक से लेकर रेलवे स्टेशन मार्ग तक सड़क किनारे ठेला, गुमटी, अस्थायी दुकानें तथा दुकानों के आगे बढ़ाए गए शेड लगाकर मुख्य मार्ग पर अवैध कब्जा किया गया है, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। नगर पालिका परिषद ने छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 187 के अंतर्गत उक्त अतिक्रमण को अवैधानिक बताते हुए संबंधित लोगों को 7 दिवस के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए नगर पालिका द्वारा हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

पुरानी रंजिश को लेकर चाकू व राड से हमला, आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर चाकू व राड से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बछौद का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बछौद निवासी सचिन तिवारी उम्र 22 ने 23 मई को थाना बलौदा में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि शाम करीब 5 बजे गांव के कोटवार विकास और उसके पिता को घर के बाहर बुलाकर पूर्व में किए गए समझौते की बात करने लगा। इसी दौरान आरोपी प्रताप सिंह गोड उर्फ पुलु उम्र 20 वर्ष एवं उसके पिता हरप्रसाद गोड उम्र 55 निवासी वार्ड क्र. 09 डिपरापारा वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश की बात को लेकर गाली -गलौच करते हुए चाकू और रॉड से हमला कर दिया। मामले की रिपोर्ट बलौदा थाने में दर्ज कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351(3), 115(2), 3(5), 118(1) बीएनएस और धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रताप सिंह गोड व हरप्रसाद को गिरफ्तार किया गया।

32 पाव देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी के कब्जे से 32 पाव शराब को पकड़ा है। मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना सारागाव पुलिस द्वारा मुखबिर से जानकारी मिली कि सारागांव निवासी शिवनारायण राठौर को पकड़ा। तत्पश्चात पुलिस की टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई। दबिश देने के दौरान आरोपी के कब्जे से 32 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 2560 रुपए बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस सराहनीय कार्रवाई में निरीक्षक राकेश कुमार सूर्यवशी थाना प्रभारी सारागांव, प्रधान आरक्षक महेश, आरक्षक दुर्गेश का योगदान रहा।

बगैर सौदा पत्रक कटवाए सीधे राइस मिल में बेच रहे धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

बगैर सौदा पत्रक कटवाए सीधे राईस मिल में किसान अपना धान को बेच रहे है। जिसके चलते जरूरी टैक्स कृषि उपज मंडी को नहीं मिल पा रहा है। वहीं इन पर कार्रवाई नहीं होने से ऐसे किसानों के हौसले बुलंद हो रहे है।

ज्ञात हो कि मालखरौदा ब्लाक अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांव में बड़े पैमाने पर ग्रीष्मकालीन धान का खेती की गई है। किसान कटाई करके लोग अब राइस मिलों को बेच रहे हैं। बड़ी मात्रा में धान ट्रक एवं ट्रैक्टरों के माध्यम से सक्ती जिला के राइस मिलों में पहुंच रहा है तो कई ट्रक अन्य जिलों में भी जा रहा है। वही अमनदुला कृषि उपज मंडी समिति के अधिकारियों द्वारा इन अवैध रूप से धान का परिवहन करने वाले ट्रकों के ऊपर कार्यवाही नहीं किया जा रहा है । जिसके चलते धान परिवहन करने वालों के हौसले बुलंद है नियम के तहत धान का परिवहन करने वाले को कृषि उपज मंडी समिति से सौदा पत्र कटाना होता है। इसका टैक्स कृषि उपज मंडी समिति को प्राप्त होता है लेकिन मंडी निरीक्षक के नियुक्ति होने के बाद भी कार्यवाही नहीं हो रही है। फल स्वरुप व्यापारी क्षेत्र का ध्यान खरीद कर बड़ी मात्रा में सक्ती की राइस मिल में खपा रहे हैं।

इस संबंध में कृषि उपज मंडी समिति सचिव नरेंद्र कुमार देवांगन का कहना है कि जानकारी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



ट्रैक्टर के माध्यम से राईस मिल तक जाता किसान

धारदार हथियार से लोगों को डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। धारदार हथियार से लोगों को डराने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बम्हनीडीह थाना अंतर्गत ग्राम खपरीडीह का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 24 मई को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम खपरीडीह निवासी राजकुमार धनुवार अपने कब्जे में लोहे का धारदार कत्ता रखा है। जिसे सार्वजनिक जगह पर लोगों को डरा रहा है। सूचना रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया जाकर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा जिसके कब्जे से लोहे का धारदार कतता को बरामद किया जाकर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड भेजा गया। कार्रवाई में उप निरीक्षक के पी सिंह सहित स्टाफ का योगदान रहा।

दोपहर के समय सड़कें हो रही सूनी, गर्म हवाओं ने लोगों की बढ़ाई परेशानी

नवतपा के पहले तप रहा सूरज, तापमान पहुंचा 44 के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मई के अंतिम सप्ताह में भीषण गर्मी पड़ रही है। जिसके कारण दोपहर के वक्त सड़के सूनी हो जा रही है। वहीं गर्म हवाओं ने लोगों की परेशानी और भी बढ़ा दी है। भीषण गर्मी के चलते लोगों का घर से निकलना दूभर हो रहा है।

जिला मुख्यालय जांजगीर सहित ग्रामीण क्षेत्र में भीषण गर्मी के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं तापमान 44 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। भीषण गर्मी के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। लोग राहत पाने के लिए शीतल पेय पदार्थ व कोल्ड्रिक्स का सेवन कर रहे है। तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। जांजगीर, चांपा, बलौदा, अकलतरा, शिवरीनारायण, पामगढ़, सारागांव, बम्हनीडीह, बिर्रा, नवागढ़, नरियरा व मुलमुला सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। जिसके कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। लोग शाम 5 बजे के बाद ही घरों से निकल पा रहे है। नवतपा की शुरुआत 25 मई से होने वाली है, लेकिन उससे पहले ही सूरज की तपन चरम पर है। रविवार 24 मई को क्षेत्र में कुछ इसी तरह की स्थिति देखने को मिली। दोपहर के समय सड़कें सुनसान नजर आ रही हैं तथा तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग घरों से निकलने से बच रहे हैं। नगर के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहता है। शाम लगभग 5 बजे के बाद ही लोग बाजारों में खरीदारी और आवश्यक कार्यों के लिए निकलते दिखाई दे रहे हैं। तेज धूप और उमस भरी गर्मी से छोटे बच्चे, बुजुर्ग एवं मजदूर वर्ग सबसे अधिक परेशान हैं। गर्मी के कारण ठंडे पेय पदार्थ, गन्ना रस, फल एवं आइसक्रीम की दुकानों पर लोगों की भीड़ बढ़ गई है। वहीं चिकित्सकों ने भी लोगों को दोपहर में अनावश्यक बाहर न निकलने, अधिक पानी पीने एवं धूप से बचाव करने की सलाह दी है।



गर्मी के चलते सड़क पर छायी वीरानी।



खबर संक्षेप



भाजयुमो ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

कोरबा। कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के संबंध में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के आह्वान पर जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर चौक में राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, भाजपा जिला महामंत्री अजय विश्वकर्मा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष वैभव शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री नरेंद्र देवांगन, अजय चंद्रा, भाजयुमो जिला महामंत्री मोंटी पटेल, तुषार साहू, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सुजीत सिंह, अमित सिंह, निखिल अग्रवाल, अशोक रजवाड़े, रिक्की पांडेय, धनंजय चौहान, रामअवतार पटेल, साकेत शर्मा, निखिल दावड़ा, आदित्य मानिकपुरी, शिव देवांगन, कृष्णानंद राठौर, आदित्य साहू, हीरू जायसवाल, नवीन ठाकुर आदि उपस्थित थे।

सेजेस उतरदा में प्राचार्य को दी गई श्रद्धांजलि



हरदीबाजार। पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत उतरदा स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य स्व गोपाल प्रसाद लहरे की स्मृति में शोक सभा आयोजित की गई। 16 मई को हृदयघात से निधन हो गया था। उन्होंने लगभग 30 वर्षों तक विद्यालय में सेवा देकर शिक्षा, संस्कार और स्कूल विकास को नई पहचान दी। शोक सभा में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दिया गया। इस मौके पर पूर्व उपसरपंच इंद्रसेन यादव, ग्राम सभा अध्यक्ष संतोष मरावी, पीपी अंचल, यूएस मरावी, नरेन्द्र कुमार पाटले, अनुज कुमार जांगड़े, राकेश टंडन, श्रीमती ममता मांडले, सुधीर कुमार चंद्रा, संदीप सूर्यवंशी, श्रीमती शीलू ध्रुव, राजेंद्र कैवर्त, अनीता मानिकपुरी, एनके कंवर, छबिराम अहीर, दिलीप कुमार सिंगौर एवं सहायक शिक्षक लीलाधर साहू उपस्थित रहे।

खनिज विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई, जेसीबी व ट्रैक्टर जब्त

कोरबा। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार तथा उप संचालक, खनि प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले में गौण खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध विशेष जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण एवं जांच की गई। जांच के दौरान खनिज रेत, गिट्टी और मिट्टी के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर कुल 3 जेसीबी मशीनें और 16 ट्रैक्टर जप्त किए गए। डौका गुड़ा से 1 ट्रैक्टर, विजयपुर से 2 ट्रैक्टर, सुतर्रा से 1 ट्रैक्टर, आमाखोखरा से ईंट से भरा 1 ट्रैक्टर जप्त किया गया। ग्राम बिंझरा से मिट्टी का अवैध उत्खनन कर रहे 2 जेसीबी मशीनों को भी पकड़ा गया। पौड़ी से रेत का अवैध परिवहन करते हुए 4 ट्रैक्टर और डुमरकछार से मिट्टी के अवैध उत्खनन में संलिप्त 2 ट्रैक्टर तथा 1 जेसीबी को भी कार्रवाई के दौरान जप्त किया गया। खनिज विभाग का यह अभियान जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित करने और राजस्व की क्षति को रोकने की दिशा में एक प्रभावी प्रयास है। जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

बगैर प्रक्रिया बच्चे को लेने के मामले में एफआईआर

कोरबा। जिला मेडिकल कॉलेज में एक महिला ने स्वस्थ्य बालक को जन्म देने के बाद महिला की मौत हो गई। जिसके बाद मृतिका के पति के द्वारा नवजात शिशु को बिना शासकीय प्रक्रिया के किसी अन्य पालक को शिशु को दिए जाने के मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ महिला बाल विकास विभाग ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है। बालक कल्याण समिति द्वारा दत्तक ग्रहण हेतु लीगल फ्री किए गए अथवा बालक कल्याण समिति द्वारा आदेशित किए गए बच्चों का ही दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया की जा सकती है। किसी भी प्रकार से बच्चों का खरीदी बिक्री अथवा अवैध रूप से लेनदेन कर दत्तक में दिया जाना गैर कानूनी है। देश में बच्चों के दत्तक ग्रहण हेतु केंद्रीय दत्तक ग्रहण प्राधिकरण के माध्यम से आवेदन कर महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से ही दत्तक ग्रहण में लिए जाने का प्रावधान है। प्रावधान का पालन नहीं किए जाने की दशा में दत्तक ग्रहण विनियम तथा ट्रैफिकिंग अंतर्गत निहित प्रावधानों के अनुरूप कानूनी कार्यवाही व दंड का प्रवधान है। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश में बच्चों के अवैध दत्तक ग्रहण को रोकने हेतु सभी संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रसारित किये है। ताकि बच्चों के अवैध दत्तक ग्रहण को रोका जा सके।

फॉरेंसिक मोबाइल वैन से अपराध की जांच और वैज्ञानिक तरीके से होगी : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीन ऑफ क्राइम फॉरेंसिक मोबाइल वाहन को हरी झंडी

मोबाइल वैन एक चलित फॉरेंसिक प्रयोगशाला के रूप में कार्य करेगी, जिसमें ब्लड डिटेक्शन किट, नारकोटिक्स डिटेक्शन किट, बुलेट डिटेक्शन किट सहित विभिन्न आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं। साथ ही यह वैन जीपीएस एवं जनरेटर जैसी सुविधाओं से भी सुसज्जित है। फॉरेंसिक मोबाइल वैन के माध्यम से घटनास्थल पर ही प्रारंभिक वैज्ञानिक जांच एवं आवश्यक साक्ष्यों का सुरक्षित संग्रह किया जा सकेगा। इससे अपराधों की जांच अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं साक्ष्य आधारित होगी तथा न्यायिक प्रक्रिया को भी गति मिलेगी।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सीन ऑफ़ क्राइम फॉरेंसिक मोबाइल वैन के शुभारंभ के दौरान कही।

खास बातें

- जीपीएस एवं जनरेटर जैसी सुविधाओं से है लैस
- घटना स्थल पर ही हो सकेगी प्रारंभिक जांच



अपराधों की जांच को आधुनिक, वैज्ञानिक एवं साक्ष्य आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सीन ऑफ़ क्राइम फॉरेंसिक मोबाइल वैन की सुविधा शनिवार को जिले को मिली। इस मौके पर श्रम व उद्योग मंत्री, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले के लिए अत्याधुनिक फॉरेंसिक मोबाइल वैन उपलब्ध कराई गई है, जिसका लोकार्पण माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया था। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद नरेंद्र देवांगन, राजेंद्र साहू सहित पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे।

कटघोरा के शिव मेडिकल स्टोर के सामने हुआ हादसा

तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से युवक की मौत, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा निवासी दीपक अग्रवाल अपने मोटर साइकिल से सड़क पार कर रहा था इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक पिकअप चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दीपक को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दीपक गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल दाखिल कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं दुर्घटनाकारित पिकअप चालक घटना के बाद पिकअप वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर फरार पिकअप चालक की तलाश शुरु कर दी है।



मृतक।



दुर्घटनाग्रस्त बाइक।

कटघोरा नगर में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। तेज रफ्तार पिकअप वाहन की चपेट में आने से कटघोरा के गोयल हार्डवेयर के संचालक व प्रतिष्ठित व्यवसायी राकेश अग्रवाल के छोटे भाई दीपक अग्रवाल गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने पिकअप वाहन को रोक लिया, लेकिन चालक मौके का फायदा उठाकर वाहन छोड़कर फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, कटघोरा निवासी दीपक अग्रवाल शनिवार सुबह अपनी बाइक से बिलासपुर मार्ग स्थित शिव मेडिकल के सामने सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान बिलासपुर मार्ग पर विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 07 सीएस 0919 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि दीपक अग्रवाल उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं उनकी बाइक पिकअप वाहन के अगले हिस्से में फंस गई, जिसके बावजूद चालक वाहन नहीं रोक सका और तेज रफ्तार में करीब 3 सौ मीटर तक बाइक को घसीटते हुए आगे बढ़ता रहा। हादसे को देखकर मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय नागरिकों ने तत्परता दिखाते हुए पिकअप वाहन का पीछा किया और उसे अंबिकापुर मार्ग स्थित न्यू बस स्टैंड के पास रोक लिया। हालांकि, भीड़ के गुस्से और मारपीट के डर से पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे के तुरंत बाद घायल दीपक अग्रवाल को कटघोरा के नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन उपचार के दौरान दोपहर में दीपक अग्रवाल ने दम तोड़ दिया।

विद्युत विभाग में लाखों की चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिंघाली क्षेत्र में विद्युत पोल को क्षति कर लगभग 31 सौ मीटर विद्युत तार सहित अन्य उपकरण की चोरी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्ज से पुलिस ने विद्युत खंभों में लगे लोहे के उपकरण/चैनल, 1 नग मोबाइल फोन, 1 नग सायकल बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

खास बात

- आरोपियों के पास से लोहे के चैनल सहित मोबाइल व साइकिल बरामद



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

उल्लेखनीय है कि 19 मई को छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी कटघोरा के सहायक अभियंता रंजीत पैकरा ने बांकीमोंगरा थाना में शिकायत दर्ज करायी थी कि 12 व 13 मई की दरमियानी रात सिंघाली लोकहित क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा विद्युत पोल को क्षतिग्रस्त कर लगभग 31सौ मीटर विद्युत तार चोरी कर लिया गया था। बिजली के 13 खम्भों को भी क्षतिग्रस्त किया गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2), 324(4), 317(2), 3(5) बीएनएस, छत्तीसगढ़ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136-1(ए), 140, 137 लोक संपत्ति का नुकसानी का निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान बांकीमोंगरा पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर वार्ड क्रमांक-6 राजीवनगर कटघोरा निवासी कबाड़ी संचालक मनोज कुमार साहू उर्फ मोनू उम्र 33 वर्ष पिता स्व. ओमप्रकाश साहू, अमरपुर सिंघाली निवासी विजयपाल कंवर, पिता मोहनपाल सिंह, उम्र 30 वर्ष, शेखर सिंह अगरिया, पिता एम सिंह अगरिया, उम्र 28 वर्ष, अनुप कुमार चौहान, पिता परदेशी राम चौहान, उम्र 32 वर्ष एवं जवाली निवासी मोहनलाल रोहिदास पिता जागेश्वर राम रोहिदास उम्र 45 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जिन्होंने चोरी करना एवं माल खरीदना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से विद्युत खंभों में लगे लोहे के उपकरण/चैनल, 1 नग मोबाइल फोन, 1 नग सायकल बरामद किया है। वहीं पकड़े गए आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

जनजातीय सम्मेलन में भाग लेंगे जिले के आदिवासी समाज के सदस्य



सम्मेलन में शामिल होने जाते सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राजधानी दिल्ली में जनजातीय संस्कृति और उनकी विरासत और संप्रभुता जैसे विषयों को लेकर दो दिन तक चलने वाले जनजातीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए जिले से 300 सदस्यों का दल दिल्ली के लिए रवाना हुआ है। जनजातीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर पिछले एक पखवाड़े से आदिवासी समाज के सदस्यों को एकजुट करने और सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का काम चल रहा था। जल, जंगल, जमीन के साथ आदिवासी संस्कृति की विरासत और संप्रभुता की रक्षा के लिए आदिवासी समाज को जोड़ने का काम करते हुए सम्मेलन का आयोजन के पूर्व सभी प्रदेशों के आदिवासी जिलों में समाज स्तर पर बैठकें भी हुई। इसके बाद शनिवार को जिले से लगभग आदिवासी समाज के 300 सदस्य यात्री बस से उसलापुर के लिए रवाना हुए। जहां से वे यात्री ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। इसके पूर्व वनवासी कल्याण आश्रम में समाज के सदस्य एकजुट हुए थे। सम्मेलन में भाग लेने वाले पाली, करतला, कोरबा, पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के सर्वाधिक सदस्य शामिल हैं। जो दिन सम्मेलन में भाग लेकर जिले में जल जंगल जमीन के लिए चल रही गतिविधियों पर चर्चा करेंगे।

महाराणा प्रताप चौक के पास चला निगम का बुलडोजर, हटाए गए ठेले-गुमटियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महाराणा प्रताप चौक, बुधवारी बाजार के आसपास शनिवार को नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की गई। निगम की टीम बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची, जहां सड़क किनारे लंबे समय से लगे ठेले, गुमटियां एवं अस्थायी दुकानों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।



अतिक्रमण हटाता नगर निगम का अमला।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार महाराणा प्रताप चौक से जुड़े क्षेत्र में ग्रीन कॉरिडोर विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके तहत सड़क किनारे हरियाली बढ़ाने, यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और शहर की सुंदरता में सुधार करने की योजना बनाई जा रही है। इसी उद्देश्य से अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई है। निगम अमले ने बताया कि कई दुकानदारों और ठेला संचालकों को पहले ही नोटिस जारी कर जगह खाली करने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समय के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर निगम को बुलडोजर कार्रवाई करनी पड़ी। नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया कि पूर्व में चिन्हित अतिक्रमणकारियों एवं फुटकर व्यापारियों के लिए व्यवस्थित दुकानें बनाकर उनका आवंटन किया जा चुका है, ताकि वे निर्धारित स्थान पर अपना व्यवसाय संचालित कर सकें। इसके बावजूद कई लोगों द्वारा पुनः सड़क किनारे अतिक्रमण कर व्यवसाय किया जा रहा था, जिसके चलते निगम को सख्त कार्रवाई करनी पड़ी। कार्रवाई के दौरान कई ठेला संचालकों ने अपनी रोजी-रोटी प्रभावित होने की बात कही, वहीं निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्ग एवं प्रस्तावित विकास कार्यों में बाधा बनने वाले अतिक्रमण को हटाना आवश्यक है। नगर निगम का कहना है कि शहर में यातायात सुधार और सौंदर्यीकरण के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा तथा मुख्य मार्गों और चौक-चौराहों के आसपास अवैध कब्जों पर लगातार कार्रवाई की जाएगी।

पानी टैंकर चालक से मारपीट, शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरदीबाजार इंदिरा आवास निवासी ओमप्रकाश पिता विनोद कुमार ने शिकायत दर्ज कराया कि वह लक्ष्मीनारायण राठौर का पानी टेंकर ट्रेक्टर क्रमाक सीजी 22 यू 8421 का वाहन चालक है जो कि टेंकर में पानी में लेकर 22 मई की शाम 6 बजे लगभग शाम को पानी देने उमेंदीभांठा जा रहा था कि रास्ते हरि सायकल स्टोर शिक्षक नगर उत्तरदा रोड के पास रोक मारपीट गाली गलौच किया और बोला कि यहां पर पानी दो। जबकि पानी देने का टेण्डर उमेंदीभांठा एरिया का एसईसीएल गेवरा क्षेत्र से मिला हुआ है। ओमप्रकाश के द्वारा बताया गया कि उसके सेठ को एसईसीएल दीपका क्षेत्र का टेण्डर नहीं है इसलिये मैं यहां पानी नहीं दे सकता हूं। मैं पानी लेकर उमेंदीभांठा एरिया जा रहा हूं फिर भी उसके साथ मारपीट गाली गलौच किया है। उक्त मामले में स्थानीय सरपंच लोकश्वर सिंह कंवर ने भी थाने में इसकी शिकायत की है। इसके अलावा भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री श्रीमती अनुसूईया राठौर ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 22 मई की रात लगभग 8 बजे आरोपी अनिल राठौर दो अन्य गुंडों के साथ उनके घर पर धमक गया उस वक्त घर पर केवल महिला नेत्री और उनकी पुत्री ही मौजूद थीं जबकि पुरुष सदस्य काम से बाहर गए हुए थे आरोपी ने उनके बंद दरवाजे को लात-घूंसों से तोड़ने का प्रयास करते हुए गाली गलौच किया गया है। शिकायत जांच पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।



बीच सड़क पर खड़ा टैंकर वाहन।

उधार की रकम वापस नहीं मिलने से परेशान वेल्डर ने की थी आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ढेंगुरनाला के समीप मिले बसंत के शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा लिया है। उधार की रकम वापस नहीं मिलने से मानसिक रुप से परेशान बसंत पटेल ने आत्महत्या कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने उधार लेकर रकम वापस नहीं करने वाले बसंत पटेल को मानसिक रुप से प्रताड़ित करने वाले आरोपी नील कुमार चौहान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

खास बातें

- ढेंगुरनाला कोहड़िया के समीप मिले शव की गुत्थी सुलझी
- उधार की रकम वापस नहीं देने वाला आरोपी जेल दाखिल

उल्लेखनीय है कि 10 मई सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ढेंगुरनाला के समीप वेल्डर बसंत पटेल का शव बरामद किया गया था। सर्वमंगला नगर दुरपा निवासी राजेन्द्र कुमार पटेल पिता सुमत राम पटेल उम्र 36 वर्ष ने 10 मई को चौकी सीएसईबी में सूचना दी थी कि मृतक बसंत कुमार पटेल पिछले तीन वर्षों से उसके किराये के मकान में रह रहा था और जिला अस्पताल के समीप स्थित संजय इंटरप्राईजेस में वेल्डर का काम करता था। 10 मई की सुबह 7.40 बजे लगभग मोहल्ले के रहने वाले राकेश पटेल ने फोन कर सुचना दी थी कि बसंत पटेल का शव कोहड़िया सार्वजनिक देव स्थल की झाड़ियों में पड़ा हुआ मिला है। सूचना मिलने पर सीएसईबी चौकी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर कार्यवाही शुरु कर दी थी। शव के पंचनामा कार्यवाही उपरांत बसंत के शव को पीएम के लिए भेजा गया। पीएम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि घटना स्थल पर बरामद बीयर बॉटल के कांच के टुकड़े से बसंत कुमार के गले में चोट पहुंची थी और संभवतः इसी वजह से उसकी मौत हुई है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

एसईसीएल की कोयला खदानों में अब ईवी टिपर से होगी कोयला ढुलाई

कोरबा। बदलते वैश्विक हालात और ईंधन संरक्षण की बढ़ती आवश्यकता के बीच कोयला क्षेत्र में भी अब बड़े बदलाव की शुरुआत हो गई है। देश की प्रमुख कोयला उत्पादक कंपनियों में शामिल एसईसीएल ने अपनी खदानों में कोयला परिवहन के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने का फैसला किया है। इसके तहत अब कोयला ढुलाई में ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) टिपर का इस्तेमाल किया जाएगा।

एसईसीएल द्वारा हाल ही में जारी टेंडर में स्पष्ट शर्त रखी गई है कि परिवहन कार्य में कम से कम 20 प्रतिशत इलेक्ट्रिक या सीएनजी वाहनों को शामिल करना अनिवार्य होगा। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य न केवल ईंधन की खपत कम करना है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत को भी बढ़ावा देना है। मिडिल ईस्ट क्षेत्र में जारी तनाव और वैश्विक परिस्थितियों के कारण भविष्य में पेट्रोल-डीजल आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंकाओं के बीच केंद्र सरकार भी वैकल्पिक ऊर्जा संसाधनों पर जोर दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भी पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने की अपील के बाद देश की प्रमुख कंपनियां ईंधन संरक्षण की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही हैं। इसी कड़ी में कोल इंडिया ने अपनी सभी अनुषंगी कंपनियों के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। गाइडलाइन के अनुसार अधिकारियों के लिए आधिकारिक कार पूलिंग को भी अनिवार्य किया गया है। अब एक ही दिशा में निरीक्षण या विभागीय कार्य के लिए जाने वाले अधिकारी साझा वाहन का उपयोग करेंगे, जिससे ईंधन की बचत हो सके। एसईसीएल ने कोयला परिवहन के लिए जारी किए गए नए टेंडर में इन निर्देशों को शामिल किया है। कंपनी ने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि डीजल और पेट्रोल वाहनों की बजाय प्राथमिकता इलेक्ट्रिक वाहनों को दी जाए।

* **कोरबा।** चिकित्सालय में उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूकता विषय पर सीएमई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को उच्च रक्तचाप के कारणों, लक्षणों, बचाव एवं समय पर उपचार के प्रति जागरूक करना था।







जैकी और शरद की डरावनी 'खेती' का मोशन पोस्टर जारी

मुंबई। जैकी श्रॉफ ने अपने फिल्मी करियर में एक्शन, थ्रिलर, पारिवारिक ड्रामा और कॉमेडी फिल्मों के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। अब वह भूतिया फिल्म के जिरए लोगों को डराने की तैयारी कर रहे हैं। इसमें उनका साथ शरद केलकर देंगे। फिल्म का शीर्षक 'खेती' रखा गया है, जिसका पहला मोशन पोस्टर भी सामने आ गया है। हारिस इम्तियाज खान द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म का निर्माण ब्लैककैनवास स्टूडियो के बैनर तले हुआ है। पोस्टर में एक खेत को दर्शाया गया है, जिसके पीछे एक डरावने और रहस्यमयी व्यक्ति की झलक नजर आती है। बैकग्राउंड में एक डरावनी और रहस्यमयी ध्वनि शामिल है।



लाइफ Style

भूमि

दलाई लामा से मिलकर आंखों से छलके आंसू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर एक बार फिर से चर्चा में हैं। इसका कारण उनकी आगामी परियोजना नहीं, बल्कि एक सोशल मीडिया पोस्ट है जो अब वायरल हो रहा है। अपनी इस पोस्ट में अभिनेत्री ने बताया कि आखिर किससे मिलकर उनकी आंखें नम हो गईं।


दरअसल, भूमि ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला की अपनी यात्रा की तस्वीरें साझा की हैं और बताया कि उनकी मुलाकात परम पावन दलाई लामा से हुई। उन्होंने तस्वीरों के जरिए मुलाकात का अनुभव साझा किया है। उन्होंने लिखा, 'परम पावन दलाई लामा की उपस्थिति में, सबकुछ हल्का, शांत और अलौकिक-सा महसूस हुआ। जैसे ही मैं वहां से उठी, मुझे एहसास हुआ कि मेरी आंखों से आंसू बह रहे हैं। यह एक ऐसा एहसास है जिसे मैं पूरी तरह बयां नहीं कर सकती, बस गहराई से महसूस कर सकती हूं। मैं एक अंतर्मुखी यात्रा पर हूं और जादू के ये पल मेरे दिल को उस जीवन के लिए कृतज्ञता से भर देते हैं जो हमें मिला है।' अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'सचमुच धन्य हूं कि मुझे इतनी शांति, कृपा और करुणा का अनुभव हुआ। यह एक ऐसी स्मृति है जिसे मैं हमेशा अपने साथ रखूंगी।' साथ में सफेद दिल वाला इमोजी भी जोड़ा। उनकी पोस्ट पर उनके फैंस भी अपना प्यार लुटा रहे हैं। काम की बात करें, तो भूमि को आखिरी बार सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो की सीरीज 'दलदल' में देखा गया था। पिछले साल वह 'द रॉयल्स' में दिखी थीं, जिसमें ईशान खट्टर भी थे।

हॉलीवुड मसाला




चश्मा के कारण हुईं ट्रोल

लॉस एंजेलिस। किम कार्दशियन अक्सर अपने फैशन से लोगों का ध्यान खींच लेती हैं और चर्चा का विषय बन जाती हैं। एक बार फिर वह अपने नए लुक की वजह से चर्चा का विषय बन गई हैं। फैशन की दुनिया की बड़ी हस्ती ने हाल ही में एक ऐसा शानदार लुक अपनाया, जिसने ऑनलाइन चर्चा छेड़ दी। इस बार वह अपने बड़े-से काले धूप के चश्मे को लेकर ट्रोल हो गई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में देखा जा सकता है कि किम एक बोल्ड एनिमल-प्रिंट ड्रेस में हैं।




एंजेलिना की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री एंजेलिना जोली और अभिनेता ब्रैड पिट की बेटी जहरा मार्ले जोली एक बार फिर सुर्खियों में हैं। दरअसल, जहरा ने अपने नाम से पिता ब्रैड पिट का सरनेम हटा दिया। इस खबर के बाद सोशल मीडिया पर उनको लेकर काफी चर्चा हो रही है। दरअसल, जहरा ने हाल ही में साइकोलॉजी सबजेक्ट में बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री हासिल की। कॉलेज के ग्रेजुएशन सेरेमनी में जब वह डिग्री लेने के लिए स्टेज पर पहुंचीं, तो उनका नाम 'जहरा मार्ले जोली' पढ़ा गया। हालांकि, कॉलेज में आधिकारिक रूप में उनका पूरा नाम 'जहरा मार्ले जोली-पिट' लिखा हुआ था, लेकिन स्टेज पर उनके नाम से 'पिट' हटाए जाने को वहां मौजूद लोगों ने नोटिस किया। नवंबर 2023 में जब जहरा एक छात्र संगठन 'अल्फा कप्पा अल्फा सोरोरिटी' में शामिल हुई थीं।



'टॉक्सिक' में धाकड़ होगा महिलाओं का किरदार

मुंबई। अभिनेता यश अपनी आने वाली फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' की जमकर तारीफ कर रहे हैं। उनका कहना है कि ये कोई साधारण या आम गैंगस्टर (गुंडों वाली) फिल्म नहीं है। इस फिल्म की निर्देशक गीतू मोहनदस हैं। फिल्म में कियारा आडवाणी और नयनतारा भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी। यश के मुताबिक, ये फिल्म इंसानी भावनाओं की गहराई को दिखाती है और इसमें कहानी को बिल्कुल नए और दमदार तरीके से पेश किया गया है। यश ने गीतू मोहनदास की निर्देशन शैली को अप्रत्याशित बताया है। उन्होंने कहा, हर सीन में कुछ नया देखने को मिलता है, कहानी का रुख बदल जाता है। उन्होंने फिल्म में महिला किरदारों को 'धाकड़' बताया है, जो उनकी ताकत और जिंदा रहने की ललक को उजागर करती है।



प्रकाश राज ने पूरी की दृश्यम-3 की शूटिंग

मुंबई। अभिनेता प्रकाश राज ने अपनी आने वाली फिल्म 'दृश्यम 3' की शूटिंग पूरी कर ली है। ये अजय देवगन अभिनीत एक हिंदी क्राइम थ्रिलर है। उन्होंने सेट से एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'एक शानदार टीम के साथ गजब का शूट खत्म हुआ। इस फिल्म का हिस्सा बनकर बहुत मज़ा आया। मुझे पूरा यकीन है कि ये आपको भी बहुत पसंद आएगी... अब अगली फिल्म की ओर।' बता दें कि ये फिल्म अक्टूबर, 2026 में सिनेमाघरों में आएगी। निर्देशक अभिषेक पाठक की ये फिल्म विजय सालगांवकर और उनके परिवार की कहानी आगे बढ़ाएगी। कहानी में दिखाया जाएगा कि कैसे परिवार एक अपराध को छिपाने के बाद उसके नतीजों से जूझता है। फिल्म में अजय देवगन, तब्बू और श्रिया सरन अपनी पहले वाली भूमिकाओं में ही दिखेंगे।

टीवी मसाला



सिंगर बनने मुंबई आई थीं सुगंधा मिश्रा, फिर ऐसे बनी कॉमेडियन

मुंबई। भारत की फेमस कॉमेडियन और सिंगर सुगंधा मिश्रा किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो अपने अब तक के करियर में कई कॉमेडी शोज में नजर आ चुकी हैं, लेकिन कपिल शर्मा के कॉमेडी शो 'द कपिल शर्मा शो' से उन्हें एक अलग ही पहचान मिली। इस शो में उन्होंने विद्यावती का किरदार निभाया था। आपको ये जानकर हैरानी होगी कि सुगंधा कॉमेडियन नहीं, बल्कि सिंगर बनना चाहती थी। सुगंधा 23 मई को अपना 38वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। आइए इस मौके पर उनकी जिंदगी से जुड़ी दिलचस्प बातें जानते हैं।

संगीत घराने से रखती हैं ताल्लुक : सुगंधा मिश्रा का जन्म 23 मई, 1988 को पंजाब के जलंधर में हुआ है। उन्होंने गुरु नानक देव यूनवर्सिटी से पढ़ाई की और म्यूजिक भी सीखा। बचपन से ही सुगंधा सिंगर बनना चाहती थीं और उन्होंने 14 साल की उम्र से गाना शुरू कर दिया था। सुगंधा का संगीत से ताल्लुक बचपन से ही रहा है। दरअसल, वो संगीत से जुड़े प्रतिष्ठित इंदौर घराना से ताल्लुक रखती हैं। वो अपने परिवार की चौथी पीढ़ी हैं, जिन्होंने संगीत में करियर बनाया। बता दें कि सुगंधा ने संगीत की शिक्षा अपने दादाजी पंडित शंकर लाल मिश्रा से ली थी।

कपिल शर्मा को देती हैं क्रेडिट : सुगंधा मिश्रा ने 'सारेगामापा सिंगिंग सुपरस्टार' नाम के रियलिटी शो में हिस्सा लिया था और थर्ड रनर अप रहीं। इसके बाद सुगंधा को 'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज' के ऑडिशन में चुना गया था, जिसके बाद वह स्टैंड-अप कॉमेडियन बन गईं। वो अपने कॉमेडियन बनने का क्रेडिट कपिल शर्मा को देती हैं, जिसका जिक्र उन्होंने 2014 में दिए एक इंटरव्यू में भी किया था।

टीवी पर आ रहा नया शो 'सैराब'

स्टार प्लस का आने वाला सीरियल 'सैराब' पिछले एक हफ्ते से खूब चर्चाओं में हैं। हालांकि अब फैंस का इंतजार खत्म हो गया हैं क्योंकि हाल ही में




स्टार प्लस और शो के मेकर्स ने इसके लीड कलाकारों के नाम से पर्दा हटा दिया है और नए रोमांटिक जोड़ी के नामों का ऐलान कर दिया हैं. चैनल ने ऑफिशियली इस रोमांटिक ड्रामा के लीड का नाम बताया कि इस बार 'सैराब' में मदिराक्षी मुंडले और रोहित चंदेल की जोड़ी देखने को मिलेगी। कुछ दिनों पहले ही शो का टीजर रिलीज किया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। शो में रोहित एक सिंगिंग सेंसेशन और पॉप स्टार के रूप में नजर आएंगे, जिसकी लाइफ शोहरत, जुनून और इमोशंस से भरी हुई हैं। वहीं मदिराक्षी की स्क्रीन प्रेजेंस भी बहुत ही शानदार देखने को मिली। ये शो 2 जून से शाम 7:30 बजे टीवी पर प्रसारित होने वाला है. आप इसे टीवी के अलावा ओटीटी प्लेटफार्म जियो हॉटस्टार पर भी आसानी से देख सकते हैं।

अक्षय कुमार ने संवारा कश्मीर का ये सरकारी स्कूल, 1 करोड़ के दान से हुआ कायाकल्प

जम्मू। अक्षय कुमार ने एक बार फिर अपनी दरियादिली से सबका दिल जीत लिया है। अभिनेता द्वारा दिए गए 1 करोड़ रुपये के भारी-भरकम दान ने जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में स्थित एक सरकारी स्कूल की सूरत पूरी तरह बदल कर रख दी है। अक्षय की इस मदद से स्कूल की एक नई और अत्याधुनिक बिल्डिंग बनकर तैयार हो चुकी है, जिसने कश्मीरी बच्चों के बेहतर भविष्य की नई राह खोल दी है।

अक्षय के पिता के नाम पर बनी नई बिल्डिंग

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में गुरेज घाटी के सुदूर सीमावर्ती इलाके में स्थित गवर्नमेंट मिडिल स्कूल नेरो तुलेल के लिए अक्षय ने 2021 में 1 करोड़ रुपये दान किए थे। इस योगदान का उपयोग स्कूल का एक नया ब्लॉक बनाने के लिए किया गया है, जिससे स्थानीय बच्चों के लिए संस्थान के बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ है। अक्षय के पिता की याद में इस नई बिल्डिंग का नाम श्री हरि ओम भाटिया एजुकेशन ब्लॉक रखा गया है।



एलओसी पर बच्चों के हालात देख पिघला था अक्षय का दिल

नई बिल्डिंग में अब क्लासरूम, एक कंप्यूटर लेबोरेटरी, एक लाइब्रेरी और शिक्षकों के लिए ऑफिस स्पेस है, जबकि छात्रों को एक साफ-सुथरे और बेहतर माहौल में सरकार की 'मिड-डे मील' (मध्याह्न भोजन) योजना का लाभ भी मिल रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, साल 2021 में अक्षय बीएसएफ के निमंत्रण पर एलओसी पहुंचे थे। तुलेल गांव के दौरे के दौरान उन्होंने बच्चों और स्कूल की स्थिति देखकर इस स्कूल के लिए 1 करोड़ रुपये दान देने की घोषणा की थी।

अक्षय के प्रयास से सुदूर कश्मीरी गांव में मजबूत हुई शिक्षा की नींव

इस दौरे के दौरान अक्षय ने बीएसएफ जवानों से भी मुलाकात की, उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं और उनके साथ डांस भी किया था। नई बिल्डिंग का निर्माण पूरा होने के साथ छात्र अब बेहतर शैक्षणिक माहौल में पढ़ाई कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों और स्कूली बच्चों ने कहा कि इन सुविधाओं ने स्कूल के अनुभव को बेहतर बनाया है और सुदूर सीमावर्ती गांव में रहने वाले बच्चों के लिए भविष्य की शैक्षिक संभावनाओं को मजबूत करने में मदद की है।

'राजा शिवाजी' बनी सबसे तेजी से 100 करोड़ कमाने वाली पहली मराठी फिल्म



मुंबई। रितेश देशमुख के निर्देशन और अभिनय वाली फिल्म 'राजा शिवाजी' 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा सबसे तेजी से छूने वाली मराठी फिल्म बन गई है। फिल्म की चर्चा हर तरफ है। सिनेमाघरों में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है और दर्शक इसे बार-बार देखने भी आ रहे हैं। यही वजह है कि ये फिल्म पूरे महाराष्ट्र और उससे बाहर भी एक बड़ा सांस्कृतिक पल बन गई है।

देशमुख की 'मुंबई फिल्म कंपनी' दे रही हिट फिल्में : ये कामयाबी रितेश और जेनेलिया देशमुख की 'मुंबई फिल्म कंपनी' के बेहतरीन रिकॉर्ड में एक और मील का पत्थर साबित हुई है। पिछले 10 सालों में इस कंपनी ने 'बालक पालक' (जिसे नेशनल अवॉर्ड मिला), 'येलो' और 'लाई भारी' जैसी कई हिट फिल्में दी हैं। 'राजा शिवाजी' की बात करें तो इसमें संजय दत्त, विद्या बालन, महेश मांजरेकर और खुद जेनेलिया जैसे बड़े कलाकार भी शामिल हैं।

मां-बेटी का ये पल इंटरनेट पर छाया हुआ है

कान्स 2026: आराध्या ने किया अंतरराष्ट्रीय रेड कार्पेट पर डेब्यू, लाइमलाइट लूटी

मुंबई। कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 के मंच से कुछ बेहद खूबसूरत और यादगार तस्वीरें सामने आई हैं। बॉलीवुड की 'ग्लोबल क्वीन' ऐश्वर्या राय बच्चन की बेटी आराध्या बच्चन ने अंतरराष्ट्रीय रेड कार्पेट पर अपना शानदार डेब्यू कर लिया है। अब तक अपनी मां के साथ सिर्फ एक साथी के रूप में दिखने वाली 14 साल की आराध्या इस बार खुद स्पॉटलाइट में रहीं और अपने लुक से पूरी लाइमलाइट लूट ली। मां-बेटी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।



फैंस बोले- ये तो छोटी ऐश्वर्या है

आराध्या पिछले कई सालों से अपनी मां के साथ कान्स फिल्म फेस्टिवल में आ रही हैं, लेकिन ये पहली बार है, जब उन्होंने अपनी मां के साथ रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरा और तस्वीरों के लिए पैपराजी को जमकर पोज दिए। सोशल मीडिया पर फैंस ने इस मां-बेटी की जोड़ी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक ने लिखा, 'रानी और राजकुमारी'। कुछ लोग आराध्या को छोटी ऐश्वर्या बता रहे हैं। एक ने लिखा, 'बिल्कुल मां पर गई है आराध्या।'

इसके 1 साल बाद ऐश्वर्या आधिकारिक तौर पर लॉरियल की ग्लोबल एंबेसडर बनीं और तब से लेकर आज तक वो कान्स के रेड कार्पेट पर भारत का सबसे लोकप्रिय चेहरा बन चुकी हैं।

लाल परी बनकर सबका ध्यान खींचा

आराध्या ने आखिरकार कान्स फिल्म फेस्टिवल में आयोजित एक इवेंट में अपनी मां के साथ अपना आधिकारिक रेड कार्पेट डेब्यू कर ही लिया। उन्होंने लाल रंग का एक चमकदार गाउन पहना था, जिसमें पीछे एक खुंदर सा लहराता हुआ कपड़ा लगा था। इस बार सबका ध्यान आराध्या ने ही अपनी तरफ खींचा। लाल परी बनीं आराध्या जैसे ही मां के साथ रेड कार्पेट पर उतरीं, सारे कैमरे उनकी तरफ घूम गए। मां-बेटी का ये पल इंटरनेट पर छाया हुआ है।

नीले रंग के गाउन में भी खूब चमकी थीं ऐश

ऐश्वर्या ने फिर साबित कर दिया कि क्यों उन्हें कान्स में भारत का सबसे भरोसेमंद और सदाबहार आइकॉन माना जाता है। इससे पहले उन्होंने डिजाइनर अमित अग्रवाल के बनाए एक बेहद अनोखे और शाही ब्लू गाउन में खूब सुर्खियां बटोरी थीं, जिसे स्टाइलिस्ट मोहित राय के साथ मिलकर तैयार किया गया था। फेस्टिवल के दौरान ऐश्वर्या को लॉरियल की साथी ब्रांड एंबेसडर और हॉलीवुड अभिनेत्री ईवा लोंगोरिया के साथ भी बहुत गर्मजोशी से मिलते और बातचीत करते हुए देखा गया।



खबर संक्षेप

अंतर्राष्ट्रीय आइकॉन अवार्ड से डॉ. बोधीराम साहू हुए सम्मानित

जांजगीर-चांपा। भव्या फाउंडेशन जयपुर राजस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन में शिक्षा,साहित्य,समाज सेवा,युवा सशक्तिकरण व



उत्कृष्ट मंच संचालक प्रतिभा पर डॉ.बोधीराम साहू कोअंतर्राष्ट्रीय ग्लोबल डायमंड आइकॉन अवार्ड 2026 से आकर्षक फ्रेमिंग युक्त सम्मान पत्र,स्मृति चिन्ह,मेडल,जयपुरी टोपी से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान इनके विलक्षण प्रतिभा, दीर्घकालीन सेवाओ देश और समाज सेवा के लिए अग्रणी और उल्लेखनीय प्रयासों में अर्जित विशिष्ट उपलब्धियों के लिये, साहित्य सृजन, कला संस्कृति संवर्धन,शिक्षा प्रदेयो, महनीय शोध कार्य,सुदीर्घ हिंदी सेवा,राष्ट्र परिवार, साहित्यके प्रति समर्पण,प्रेरक व्यक्तित्व पर उक्त सम्मान से अलंकृत किया गया है।ज्ञात हो कि ये इसके अलावा राज्य,राष्ट्रीय,अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लगभग 321 से भी अधिक सम्मानों से विभूषित हो चुके है। इनके सम्मानित होने पर बसंत चतुर्वेदी, डा. शिवनारायण देवांगन आस, डा.राघवेंद्र राठौर,अरुण तिवारी, सत्येंद्र सिंह, विजय प्रधान, जे. सी. साहू, दिलीप साहू, केशव साहू,रामरतन साहू, डॉ. श्रीमती चमेली साहू, रितेश गोयल सहित प्रशंसकों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

चांपा में बार-बार बिजली बंद की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री से की चर्चा

चांपा। नगर में लगातार हो रही बिजली कटौती की गंभीर समस्या को लेकर नगर के युवा नेता राज अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से फोन पर चर्चा कर स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि चांपा नगर में आए दिन 4 से 5 बार घंटों तक बिजली गुल रहना आम बात हो गई है, जिससे आम नागरिकों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और उद्योगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राज अग्रवाल ने चर्चा के दौरान बताया कि चांपा नगर के गांधी भवन के पास नया विद्युत सब स्टेशन स्थापित किए जाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा नगर पालिका एवं राजस्व विभाग को भूमि आबंटन हेतु पत्राचार किया गया है, लेकिन अब तक केवल विभागों के बीच पत्रों का आदान-प्रदान ही हो रहा है। जमीन आबंटन को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, जिसके कारण पूरा मामला फाइलों में ही अटका हुआ है। उन्होंने कहा कि न तो नगर पालिका और न ही राजस्व विभाग को चांपा की जनता को हो रही इस गंभीर परेशानी की चिंता है। यही कारण है कि अब तक नए सब स्टेशन की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वर्तमान में नगर में बिजली आपूर्ति की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है और दिनभर बार-बार बिजली बंद होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। राज अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को स्पष्ट रूप से बताया कि जब तक चांपा नगर में नया सब स्टेशन स्थापित नहीं होगा, तब तक इस समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है। मुख्यमंत्री ने पूरे मामले को गंभीरता से सुनते हुए सभी समस्याओं की विस्तृत जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से भेजने को कहा, ताकि संबंधित विभागों से चर्चा कर उचित कार्रवाई की जा सके।

निधन

देवेंद्र चतुर्वेदी

जांजगीर-चांपा। पामगढ़ के प्रतिष्ठित नागरिक देवेंद्र चतुर्वेदी का रविवार 24 मई को निधन हो गया। वे



बेलपहाड़ में हुए सड़क हादसे में घायल हो गए थे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार 25 मई को पामगढ़ के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे प्रतिष्ठित नागरिक शीतल चतुर्वेदी के बड़े बेटे थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है।

रूप सिंह यादव

मालखरौदा। ब्लॉक मुख्यालय से लगे ग्राम बीरभांठा के प्रतिष्ठित नागरिक रूप सिंह यादव का 91 वर्ष कि



उम्र में शनिवार 23 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि अधिवक्ता राकेश यादव ने दी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनके अंतिम यात्रा में परिजन, ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। क्षेत्रीय विधायक राम कुमार यादव ने भी दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

बस स्टैंड और बीडीएम अस्पताल में लगा वाटर एटीएम भी बंद

नगर में एक भी सार्वजनिक प्याऊ घर नहीं, भीषण गर्मी में आमजन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान से आम जनजीवन परेशान है। तापमान 44 डिग्री के पार जा रहा है, लेकिन नगरपालिका ने लोगों की प्यास बुझाने के लिए अब तक नगर के एक भी जगह पर सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था नहीं की है, जिसके कारण जरुरी काम से पहुंचे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरन लोगों को पीने का पानी दुकानों से खरीदना पड़ रहा है। वहीं बस स्टैण्ड और बीडीएम अस्पताल में लगा वाटर एटीएम बंद पड़ा है।

भीषण गर्मी से जूझ रहे चांपा नगर में प्रशासनिक उदासीनता सामने आ रही है। नगर में एक भी सार्वजनिक प्याऊ घर उपलब्ध नहीं है, जबकि रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीणजन इलाज, दवाइयों, खरीदारी और अन्य जरूरी कामों के लिए नगर पहुंचते हैं। नगर के प्रमुख बरपाली चौक, लायंस चौक, मारुती टाउन शीप, बैरियर चौक और परशुराम चौक, जो अस्पतालों और दवा दुकानों का मुख्य केंद्र माने जाते हैं, वहां पानी की कोई निःशुल्क व्यवस्था नहीं है। तेज धूप और लू के बीच मरीजों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। मजबूरी में लोगों को दुकानों से महंगे दामों पर ठंडा पानी खरीदना पड़ रहा है। इलाज के लिए ग्रामीण अंचलों से आए लोगों ने बताया कि अस्पतालों में घंटों इंतजार करना पड़ता है, लेकिन पानी जैसी बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं है। इस भीषण गर्मी में यह स्थिति आमजन के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। स्थानीय नागरिकों



प्रतीक्षा बस स्टैंड में बंद पड़ा वाटर एटीएम

और समाजसेवियों का कहना है कि नगर पालिका को कम से कम अस्पताल परिसरों, बस स्टैंड और प्रमुख चौक-चौराहों पर अस्थायी प्याऊ केंद्र तत्काल शुरू करने चाहिए थे, लेकिन अब तक न तो कोई योजना बनी और न ही कोई पहल की गई। न ही नगर पालिका प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है और न ही जनप्रतिनिधि इस समस्या को गंभीरता से ले रहे हैं। इस संबंध में नगर पालिका के सीएमओ राम संजीवन सोनवानी से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि बस स्टैंड और बीडीएम अस्पताल में वाटर एटीएम लगाए गए हैं जहां से लोग पानी ले सकते है, लेकिन फिलहाल यह दोनो ही वाटर एटीएम वर्तमान में बंद पड़े है। हालांकि, जमीनी हकीकत यह है कि नगर के अन्य सार्वजनिक स्थानों और चौक-चौराहों पर प्याऊ खोलने को लेकर नगर पालिका की कोई ठोस व्यवस्था दिखाई नहीं देती। भीषण गर्मी के इस दौर में पानी जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव नगर पालिका की संवेदनशीलता और कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन समय रहते आमजन को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाता है या फिर जनता इसी तरह पानी के लिए भटकती रहेगी। उल्लेखनीय है कि एक वो भी समय था कि जब समाजसेवी संस्थाएं और लोग गर्मी के दौरान जगह-जगह सार्वजनिक रुप से प्याऊ की स्थापना कर लोगों का गल का तर करने का काम करते थे, लेकिन अब के वर्षों में यह भावना खत्म होती जा रही है। इसी का परिणाम है कि इन दिनों नगर में पड़ रही भीषण गर्मी के दौरान भी कहीं भी प्याऊ की स्थापना नहीं की गई है। ऐसे में नगरपालिका द्वारा भी ध्यान नहीं दिया जाना लोगों की परेशानी का कारण बन गया है।



बनाई जा रही नाली।

सोल्डर से सटाकर बनाई जा रही नाली, सड़क की चौड़ाई हो रही कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

टेमर से छपोरा तक लगभग 54 करोड़ की लागत से इन दिनों सड़क नवीनीकरण एवं चौड़ीकरण का कार्य तेज गति से चल रहा। सबसे पहले ठेकेदार द्वारा आबादी क्षेत्र में नाली का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन देखने में आ रहा है कि ठेकेदार द्वारा नाली को सोल्डर से सटाकर बनाया जा रहा है, जिसके चलते सड़क के बाकी बचे जगह में बेजा कब्जा किए जाने की संभावना बढ़ गई है।

- टेमर से छपोरा तक 54 करोड़ रुपए की लागत से चल रहा निर्माण कार्य

टेमर से छपोरा तक बन रही सड़क में कई जगह तो ठेकेदार द्वारा विवाद से बचने के लिए जैसे तैसे आड़ा तिरछा नाली का निर्माण किया जा रहा है, जबकि बीच सड़क से दोनों ओर 40-40 फीट की दूरी तक का सड़क पीडब्ल्यूडी का है बावजूद ठेकेदार बीच सड़क से 30 फीट की दूरी में नाली बनाए जाने की बजाय शोल्डर से सटाकर नाली बनाया जा रहा है, जिसके चलते सड़क की चौड़ाई ऐसे ही कम हो रहा है। वहीं अब लोग अपने घर की दीवार अब नाली तक करने की तैयारी में है। दूसरी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा रोज निरीक्षण किया जा रहा है बावजूद बनाई जा रही नालियों को सड़क से 30 फीट दूरी पर बनाया जाए इस पर उनके द्वारा भी ध्यान दें नहीं दिया जा रहा है। वहीं सोल्डर से सटाकर बनाए जा रहे नाली के चलते आने वाले समय में लोग सड़क में ही दो पहिया वाहनों को खड़ा कर देंगे जिसके चलते हर पल दुर्घटना की संभावना बनी रहेगी। सड़क के सोल्डर से सटाकर जिस प्रकार से पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा सड़क बनवाया जा रहा है ऐसा लग रहा है जैसे तैसे सड़क बन जाए चाहे बाकी बचे जमीन पर ग्रामीण बेजा कब्जा करते रहे। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला सदस्य, विधायक पद बैठे जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्धारित मापदण्ड के अनुसार ही काम किया जाए तो कि आने वाले समय में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े।

बारात में खूनी झड़प मामले में फरार पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुलमुला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पौना में बारात के दौरान हुई मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को

- जिले के मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम पौना की घटना



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

इस संबंध में पुलिस के अनुसार प्रार्थी देवराज बरेठ निवासी ग्राम खोखरा ने थाना मुलमुला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 अप्रैल को वह ग्राम खोखरा से बारात लेकर ग्राम पौना गया था। बाराती स्कूल पारा के पास बाजा बजाते हुए नाच-गाना कर रहे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोग वहां पहुंचे और बाजा बंद कराने को लेकर विवाद करने लगे। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने बारातियों के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे मनेश्वर यादव समेत अन्य लोगों पर भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले के दौरान प्रार्थी के सिर पर प्राणघातक वार किया गया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। घटना में धनंजय यादव की आंख में गंभीर चोट आई। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल जांजगीर ले जाया गया, जहां से धनंजय यादव की हालत गंभीर होने पर उसे सिम्स अस्पताल बिलासपुर रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही मुलमुला पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पहले 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं फरार आरोपियों की लगातार तलाश की जा रही थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश देकर 5 आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में सभी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में कृष्ण कुमार यादव उर्फ टिंगालू उम्र 21 वर्ष, लक्ष्मी प्रसाद यादव उम 32 वर्ष, बॉबी यादव उर्फ लाला उम 24 वर्ष, बबलू यादव उर्फ छोटे लाला उम 20 वर्ष निवासी ग्राम पौना थाना मुलमुला तथा गंगा सागर उर्फ सोनू उम 28 वर्ष निवासी ग्राम बुचीहरदी थाना बलौदा शामिल हैं। पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक पारस पटेल, एएसआई प्रमोद महार तथा प्रधान आरक्षक अमृत सूर्या की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

मुनुन्द में तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर आज से

जांजगीर-चांपा। बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास एवं संस्कार परिवर्तन को लेकर ब्रह्मा कुमारीज मुनुन्द स्थित होली हंस सरोवर में 3 दिवसीय बाल संस्कार समर कैम्प का आयोजन 25 मई से 27 मई तक किया जाएगा। स्थानीय सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी चंद्रिका ने बताया कि छोटे बच्चों में जिज्ञासा एवं सीखने की इच्छा प्रबल होती है यदि उन्हें अभी से बड़ो का सम्मान करना, बोलने में शिष्टाचार तथा मात पिता एवं शिक्षक के प्रति आज्ञाकारिता की भावना जागृत किया जाय तो आगे चलकर श्रेष्ठ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक आयोजित इस शिविर में बच्चों को भौतिक ज्ञान के साथ साथ आध्यात्मिक ज्ञान, योग आसन के साथ राजयोगा, सात्विक जीवन एवं आंतरिक गुणों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर कार्यशालायें रखी गयी है। इसमें 8 वर्ष से 17 वर्ष आयु वर्ग वाले इच्छुक बच्चे निःशुल्क भाग ले सकते हैं।

लिमतरा में समाधान शिविर आज

सक्ती। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित 'सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में 1 मई से 10 जून तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत माध्यमिक शाला लिमतरा में 25 मई को समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आम नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत आयोजित लिमतरा समाधान शिविर में ग्राम पंचायत लिमतरा, जेठा, भद्रीपाली, नवापाराकलॉ, सपनाईपाली, अर्जुनी, केरीबंधा, पोरथा, हरेठी, सिघनसरा, परसदाकला, बोईरडीह, सोंठी, टेमर एवं परसदाखुर्द ग्राम पंचायत क्लस्टर शामिल रहेंगे। शिविर के संचालन हेतु कार्यपालन अभियंता गृह निर्माण मंडल सक्ती को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

भागवत कथा 7 से

सक्ती। ग्राम टेमर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का का आयोजन किया गया है। शुभारंभ 7 जून को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। समापन 14 जून को होगा। कथा व्यास पंडित उमाशंकर शास्त्री होंगे।



सब्जी, फल फूल के बीजों से वितरण के लिए बनाई जा रही सीड बॉल

बहेराडीह। जिले के एक छोटे से गांव बहेराडीह में स्थित देश के पहले किसान स्कूल में सब्जी, फल फूल की बीजों से सीड बॉल बनाई जा रही है। इसका वितरण लोगों को 5 जून को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया जाएगा और सीड बॉल अभियान का शुभारम्भ किया जाएगा। इस अभियान में किसान, स्कूली बच्चे, बिहान की दीदियां, सामाजिक संगठन के लोग और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।



इस सम्बन्ध में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि सीड बॉल पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का एक सरल एवं प्रभावी माध्यम है। वर्षा ऋतु में सीड बॉल अभियान चलाकर बड़े स्तर पर पौधरोपण किया जा सकता है। इस अभियान का शुभारम्भ 5 जून को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुबह 10 बजे वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह से किया जाएगा। किसान स्कूल के संचालक श्री यादव ने बताया कि सीड बॉल बनाने के लिए उपजाऊ मिट्टी, गोबर या वर्मी कम्पोस्ट, सब्जी, फल या फूल की बीज और पानी जरुरत होती है। बारिश के मौसम में खेत, जंगल, पहाड़ी या खाली भूमि पर फेकना होता है। इसके लिए नीम, आम, जामुन, तेन्दु, करंज, गुलमोहर, इमली, मुनगा, व अन्य बीज शामिल कर सकते हैं।

